मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार और समाज के बीच निरंतर संवाद पर बल देते हुए इसे नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में कारगर बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय को नीतियों की आत्मा और योजनाओं का सार मानते हुए राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना से कार्य कर रही है, जिससे वंचित वर्गों का अभूतपूर्व उत्थान हो रहा है। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सेवानिवृत्त अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया और जनसेवा की है। अधिकारी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं लेकिन सामाजिक जिम्मेदारियों से कभी नहीं। उनका दायित्व है कि वे वर्षों के प्रशासनिक अनुभव, जमीनी परिस्थितियों के व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव का उपयोग करते हुए युवाओं को मार्ग दिखाएं। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, निःशुल्क कोचिंग योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में प्रभावी जांच एवं त्वरित कार्रवाई के लिए भी सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी समाज के प्रेरणा स्रोत हैं और समाज उनके अनुभव एवं कार्यों का अनुकरण करता है। ऐसे में विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में उनका सहयोग और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार स्थानीय आवश्यकताओं और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विकास का रोडमैप बना कर पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना एवं यमुना जल समझौते जैसे महत्वपूर्ण कार्य डबल इंजन सरकार की इच्छाशक्ति का परिणाम हैं। हमारी सरकार ने महज ढाई वर्ष में 12 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन की उपलब्धि हासिल की है।

बागी नेताओं ने जयपुर पहुंचकर डोटासरा से की शिकायत

राजकुमार जयपाल के कार्यकाल और धर्मेन्द्र राठौड़ को लेकर उठाए सवाल

अजमेर.का.सं

शहर कांग्रेस संगठन में चल रही कथित खींचतान और असंतोष अब प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व तक पहुंच गया है। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय जैन और पीसीसी सदस्य हेमंत भाटी के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व पदाधिकारियों, पूर्व पार्षदों और जमीनी कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अजमेर शहर कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आरोप लगाया कि डॉ. राजकुमार जयपाल के अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद संगठन अपेक्षित रूप से मजबूत नहीं हो पाया है। कार्यकर्ताओं का दावा है कि वर्तमान शहर कांग्रेस कार्यकारिणी में लंबे समय से पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले कई वरिष्ठ और जमीनी कार्यकर्ताओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला। उन्होंने कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों की राजनीतिक पृष्ठभूमि, पार्टी के प्रति योगदान और संगठनात्मक सक्रियता की निष्पक्ष समीक्षा कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कार्यकारिणी के गठन में वरिष्ठता, संगठन के प्रति योगदान और जमीनी सक्रियता के बजाय व्यक्तिगत नजदीकी को प्राथमिकता दी गई। इससे पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ने की बात कही गई। प्रतिनिधिमंडल ने संगठन सृजन से लेकर अब तक गठित कार्यकारिणी की समीक्षा कराने की मांग की!

धर्मेंद्र राठौड़ के प्रभाव पर भी सवाल

प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के कथित राजनीतिक प्रभाव को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष के सामने शिकायत रखी। नेताओं का आरोप है कि अजमेर कांग्रेस के संगठनात्मक फैसलों में बाहरी राजनीतिक प्रभाव की भूमिका बढ़ी है, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा हो रहा है। इसके साथ ही पूर्व में सामने आए संगठनात्मक विवादों और कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों की भी निष्पक्ष जांच की मांग की गई। आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर भी प्रतिनिधि मंडल ने गंभीर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कुछ वार्डों में संभावित प्रत्याशियों को पहले से ही मौखिक रूप से टिकट का आश्वासन दिए जाने की चचाएं चल रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि टिकट वितरण को लेकर पार्टी की ओर से कोई अधिकृत निर्णय नहीं हुआ है तो किसी पदाधिकारी द्वारा पहले से टिकट का आश्वासन देने का अधिकार किसे है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, होटल-ढाबों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

रायला क्षेत्र में निरीक्षण, गंदगी मिलने पर प्रतिष्ठान को सुधारात्मक नोटिस जारी

भीलवाड़ा. कंचन केसरी

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के विभिन्न होटल और ढाबों में निरीक्षण अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। अभियान के दौरान कई खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हैप्पी लाइफ होटल से पनीर और लाल मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। वहीं रायला स्थित होटल तैराना से ग्रेवी का नमूना एकत्र किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल तैराना में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सुधारात्मक नोटिस जारी कर निर्धारित स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में चौपाल ढाबा, रायला से भी पनीर का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है।

पार्सल में पेट्रोल की एक बूंद भी नहीं, सुरक्षा नियमों की अनदेखी पड़ सकती है भारी

कोटा. कंचन केसरी। रेल यात्रियों और माल परिवहन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने पार्सल के माध्यम से खतरनाक, ज्वलनशील और विस्फोटक वस्तुओं की बुकिंग पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों और ग्राहकों से अपील की है कि पार्सल बुकिंग से पहले प्रतिबंधित वस्तुओं की जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करें।

कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग नगर खण्ड -II (दक्षिण), जयपुर

क्रमांक:-अअ/नख- II(द.)/2026-27/1396-1405 दिनांक :-03-08-26

निविदा सूचना संख्या 24/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक तक ऑनलाईन बेची जाकर निर्धारित दिनांक को 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

S. No.	NIT No./Year	Amount (in lacs)	UBN NO.
1.	24/2026-27	32.62	PHE2627WSOB03552

(देवेन्द्र शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
नगर खण्ड - II (दक्षिण), जयपुर

डीआईपीआर/सी/13924/2026

59 वर्ष की उम्र में रचा फिटनेस का नया कीर्तिमान

कोटा. कंचन केसरी

उम्र और बीमारी को चुनौती देते हुए कोटा मंडल के परिचालन विभाग में कार्यरत यातायात प्रशिक्षु सत्य नारायण मालव ने आबू में आयोजित आठवीं दादी प्रकाशमणि आबू हाफ मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया है। 59 वर्षीय मालव ने 21.097 किलोमीटर लंबी कठिन पहाड़ी दौड़ महज 2 घंटे 23 मिनट में पूरी कर फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल पेश की है। कोविड-19 महामारी से पहले उन्हें अचानक स्ट्रोक आया था, जिसके बाद कुछ समय तक वे सामान्य रूप से चलने में भी असमर्थ हो गए थे। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम, दौड़ तथा साइकिलिंग के माध्यम से स्वयं को फिर से स्वस्थ और फिट बनाया। मालव अब तक 49 हाफ मैराथन और 15 पूर्ण मैराथन में भाग ले चुके हैं।

खाटूश्यामजी मंदिर में 19 घंटे दर्शन नहीं कर पाएंगे श्रद्धालु

13 अगस्त की रात 10 बजे पट बंद होंगे, अगले दिन होगा बाबा श्याम का तिलक



सीकर. कासं

सीकर जिले के खाटूश्यामजी बाबा का तिलक और विशेष सेवा-पूजा 14 अगस्त को होगी। ऐसे में मंदिर में 19 घंटे के लिए दर्शन बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी ने इस संबंध में सूचना जारी की है। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष रवि सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 14 अगस्त को बाबा की विशेष सेवा-पूजा और तिलक किया जाएगा। ऐसे में 13 अगस्त की रात 10 बजे से मंदिर में दर्शन बंद होंगे। जो 14 अगस्त की शाम करीब 5 बजे शुरू होंगे। गौरतलब है कि खाटूश्यामजी में एकादशी के अलावा वीकेंड पर भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। इस बार 14 अगस्त को शनिवार होने और 15 अगस्त को रविवार होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच सकते हैं। वहीं आपको बता दें कि अमावस्या के बाद और विशेष धार्मिक पर्वों पर बाबा का तिलक और विशेष सेवा पूजा होती है। मंदिर में दर्शन करीब 15 से 19 घंटे के लिए बंद रहते हैं।

आरएससी इंटरनेशनल लिमिटेड

सीआईएन: L17124RJ1993PLC007136
कॉर्पोरेट एवं प्रशासनिक कार्यालय: 502, ऑर्किड प्लाजा, नाटकवाला लेन, गोकुल शॉपिंग सेंटर के पीछे, प्लेटफार्म नंबर-8 के पास, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई -400092 टेलीफोन नंबर 8433936110, मोबाइल - 8433936101
ईमेल: gyanrtl@hotmail.com, rscinternational@gmail.com
वेबसाइट: www.rscltd.in
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर 30, संगम कॉलोनी, वीकेआई रोड नंबर 14 के सामने, सीकर रोड, जयपुर - 302 013 (राजस्थान)

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 11 अगस्त, 2026 को सम्पन्न हुई अपनी बैठक में, 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु कंपनी के अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का अनुमोदन कर दिया है। (''वित्तीय परिणाम'')।

वित्तीय परिणाम और सीमित पुनरीक्षण रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.rscltd.in पर अपलोड कर दिए गए हैं और दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से देखे जा सकते हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
आरएससी इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./-
शैलेश अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 06597393

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11 अगस्त, 2026

मौसम हुआ ठंडा पर तापमान बढ़ा

उदयपुर. कासं। उदयपुर शहर में मंगलवार दोपहर करीब 15 मिनट तक रिमझिम बारिश हुई। दोपहर करीब ढाई से पौने तीन बजे तक शहर के कई इलाकों में बारिश का दौर चला। वल्लभनगर में शाम को पांच से छह बजे तक 1 घंटे तक बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम में ठंडक महसूस हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि सोमवार की तुलना में शहर में मंगलवार को अधिकतम तापमान में 4.9 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अच्छी बारिश के चलते आमजन को गर्मी से बेहद राहत मिली। शहर के मोहता पार्क, पहाड़ी बस स्टैंड, चेतक सर्कल, एमबी अस्पताल रोड सहित कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई। करीब 15 मिनट बाद बारिश रुक गई। हालांकि आसमान में बादल छाए रहे।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक .न.पा.बि./निमार्ण.स्वी./2026/ 3317 दिनांक :10-8-26

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति / उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी। :-

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
100	श्याम सुन्दर खाती पुत्र मिश्रीलाल खाती	मंगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 104,113,114,115,116 एकल भू.सं. -C	1254.15 SQ.MTR	आवासीय
101	श्याम सुन्दर खाती पुत्र मिश्रीलाल खाती	मंगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 104,113,114,115,116 एकल भू.सं. -B	929.00 SQ.MTR	आवासीय
102	श्याम सुन्दर खाती पुत्र मिश्रीलाल खाती	मंगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 104,113,114,115,116 एकल भू.सं. -A	545.78 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, बिजयनगर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ. / 26-27 / 180 दिनांक : 11/8/26

आपत्ति सूचना

श्रीमती सोनू कंवर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासी प्रेमनगर ग्राम गंगवाना तहसील व जिला अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 11 - ए पुराना खसरा नं. 192 व नया खसरा नं. 216 का भाग है जो वाकै कांकरदा भूणाबाय अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 301.95 व.मी. है आवेदक के पक्ष में पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 25.01.02 का निष्पादन है। आवेदक द्वारा भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नुानसार हैं।

पूर्व :- 15.0फुट चौडा रास्ता आम — पश्चिम :- भूखण्ड संख्या 11
उत्तर:- भूखण्ड संख्या 12 — दक्षिण:- भूखण्ड संख्या 10-ए

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) **कार्पोरेट कार्यालय:** प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा) तथा **शाखा कार्यालय:** **''आईआईएफएल होम फाइनैंस लि., तीसरी मंजिल, टाईम स्कवॉयर, इंडिया मोटर चौराहा, स्वामी कॉम्पलेक्स के पास, अजमेर 305001''** के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे ''अधिनियम'' कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल - एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल - एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए ''जैसी है जहां है, जैसी है जो है तथा कोई वापसी नहीं आधार'' पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : **www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर	मांग सूचना तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति/ प्रतिभूत आस्ति का वर्णन	भौतिक कब्जा की तिथि	सुरक्षित मूल्य
सुश्री पायल जैन श्री आनंद कुमार जैन (प्रॉस्पेक्ट नंबर IL10241052)	04/12/2025 रुपए 4778505/-(रूपए सैंतालीस लाख अठहत्तर हजार पांच सौ पांच मात्र) **बोली वृद्धि राशि** रुपए 50000/- (रुपए पचास हजार मात्र)	**सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड:** प्लॉट नंबर 5, सावर कॉलोनी, सावर, अजमेर, राजस्थान-305404, परिमाप क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): संपति प्रकार: भूमि क्षेत्र, बिल्ट-अप एरिया, परिमाप क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्र: 2280.00, 3480.00, 2400.00	18/07/2026 06/07/2026 **तक कुल बकाया राशि** रुपए 5117162.68/- (रूपए इक्यावन लाख सत्रह हजार एक सौ बासठ व अड़सठ पैसे मात्र)	रुपए 5924000/- (रूपए उनसठ लाख चौबीस हजार मात्र) **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)** रुपए 592400/- (रूपए पांच लाख बानवे हजार चार सौ मात्र)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी अंतिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि/समय
11/09/2026, 1100 बजे-1400 बजे	15/09/2026, अपराह्न 5 बजे तक	17/09/2026, 1100 बजे-1300 बजे

भुगतान की विधि: ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com **पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें। नोट: हर सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए-लॉगिन करें https://www.iiflonehome.com › मेरी बोली › शेष राशि का भुगतान करें।**

नियम और शर्तें :-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना ''निविदा फार्म'' ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम ''बोली वृद्धि राशि'' में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसे कि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. **खरीदार को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान के लिए टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल को टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करना होगा।**
6. **बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।**
7. **विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई-मेल आईडी: care@iiflonehome.com, सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर: @ 1800 2672 499 से सम्पर्क कर सकते हैं।**
8. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई-मेल: care@iiflonehome.com को मेल लिखें।
9. एतद्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. एतद्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान: जयपुर तिथि: 12-08-2026 — **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड**

यूनिटी स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

UNITY Small Finance Bank

पांचवां तल, टावर 1, सीवुड्स ग्रैंड सेंट्रल, सेक्टर-40, सीवुड्स, सीवुड्स दारवे रेलवे स्टेशन के ऊपर, नवी मुंबई-400706

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (''नियमावली'') के प्रावधानों के अधीन। अधोहस्ताक्षरी ने यूनिटी स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड (''बैंक'') के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, अधिनियम के अधीन और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के अधीन प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। अधोहस्ताक्षरी का सुविवेचित आधार पर मानना है कि कर्जदार मांग सूचना(एं) प्राप्त करने से बच रहा है/बच रहे हैं। अतएव सूचना की तामील नियमानुसार चस्पा करने तथा प्रकाशित करने द्वारा अमल में लाई जा रही है। मांग सूचना की विषयवस्तु का संक्षिप्त विवरण यहां नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/ सह- कर्जदार(रों) का नाम	मांग सूचना तिथि एवं राशि	प्रतिभूत आस्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
1	**ऋण खाता संख्या USFBJPRLOAN000005015249** 1. एलीज फूड कोर्ट 2. पुष्पा कुमारी जांगिड़ पुत्री रामधन जांगिड़ 3. निक्की जांगिड़ पुत्र पूरण मल **क्रमांक 1 के लिए पता:** पावर हाउस के पास, मोरिजा रोड, चौमूं, जयपुर, पिन 303702, **क्रमांक 2 के लिए पता:** वार्ड नंबर 20, 149 मोरिजा रोड चौमूं, जयपुर, राजस्थान, पिन 303702, **क्रमांक 3 के लिए पता:** 149, मोरिजा रोड चौमूं, जयपुर, राजस्थान, पिन 303702	23-07-2026 रुपए 1,03,17,178.46/- (रुपए एक करोड़ तीन लाख सत्रह हजार एक सौ अठहत्तर व छियालीस पैसे मात्र) 14-07-2026 तक एनपीए तिथि: 02-06-2025	**समस्त अंश एवं खंड:-** अचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 106, गिरिराज कॉलोनी योजना, मोरिजा पुलिया के पास, चौमूं जयपुर-303702, राजस्थान; परिमाप क्षेत्रफल 603.43 वर्ग गज, जिस पर निर्माण कार्य भी शामिल है: **सीमाबद्ध: उत्तर:** प्लॉट नंबर 107, **पूर्व:** जयपुर-रिंगस बाईपास रोड, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 105, **पश्चिम:** रास्ता।
2	**ऋण खाता संख्या USFBJPRLOAN000005010716** 1. श्री कल्याण पाठशाला कलासेज 2. स्नेहलता शर्मा पुत्री गिरिराज प्रसाद शर्मा 3. कल्याण व्यास पुत्र कुमार अशोक व्यास **क्रमांक 1 के लिए पता:** प्लॉट नंबर 172-173, नवीन मंडी मालपुरा टोंक, राजस्थान पिन 304502, **क्रमांक 2 और 3 के लिए पता:** पी. नंबर 71 ए एनपी राधा कृष्ण नगर मान्यावास, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान पिन 302020	23-07-2026 रुपए 89,90,814.00/- (रुपए नवासी लाख नब्बे हजार आठ सौ चौदह मात्र) 14-07-2026 तक एनपीए तिथि: 02-08-2025	**समस्त अंश एवं खंड:-** अचल संपत्ति प्लॉट नंबर 71-ए (उत्तरी भाग), राधा कृष्ण नगर योजना, ग्राम मान्यावास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान, परिमाप 100 वर्ग गज जिस पर निर्माण कार्य भी शामिल है: **सीमाबद्ध: उत्तर:** प्लॉट नंबर 72, **पूर्व:** प्लॉट नंबर 64, **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 71 (दक्षिणी भाग), **पश्चिम** : 30 फीट चौड़ी सड़क।

कर्जदार(रों) को एतद्वारा सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और उसमें और यहां ऊपर वर्णित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, भुगतान या वसूली की तिथि तक अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और खर्चों के साथ करें। कर्जदार ध्यान दें कि यूएसएफबीएल एक सुरक्षित लेनदार है और कर्जदार(रों) द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा कर्जदार(रों) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत संपत्ति(यां) होने के नाते अचल संपत्ति/संपत्तियों के ऐवज में एक सुरक्षित ऋण है। यदि कर्जदार निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों को पूर्ण रूप से चुकाने में विफल रहते हैं, तो यूएसएफबीएल प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से उन्हें हस्तांतरित करना या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले यूएसएफबीएल को प्रतिभूत आस्तियों को कुर्क तथा/अथवा सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री के बाद, यूएसएफबीएल को शेष देय राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का अधिकार भी है, यदि बंधक संपत्तियों का मूल्य यूएसएफबीएल को देय बकाया की पूरी वसूली के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय यूएसएफबीएल को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और पृथक है। कर्जदार(रों) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत कर्जदार(रों) को यूएसएफबीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना प्रतिभूत आस्तियों का निपटान करने या उससे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यापार के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी प्रतिभूत आस्तियों को हस्तांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया गया है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत एक दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और कर्जदार यदि चाहें, तो वह इसे अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान ले सकता है।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
यूनिटी स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

स्थान: राजस्थान
तिथि: 12-08-2026

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक

(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071.

निजी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के तहत बैंक को प्रभारित अचल आस्तियों की बिक्री

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट के तहत अनुसूची सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सम्पत्ति की बिक्री के लिए एकाधिक सार्वजनिक नीलामियां आयोजित की जा चुकी हैं, परंतु वे असफल रही हैं क्योंकि कोई भी बोली प्राप्त नहीं हुई थी। अतः कृपया सूचित हो कि यदि उपरोक्त ऋण खाते में पूरी बकाया राशि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह (15) दिन के भीतर नहीं चुकाई जाती है, तो प्राधिकृत अधिकारी नीचे वर्णितानुसार सम्पत्ति की निजी संधि द्वारा बिक्री की कार्यवाही आरंभ करेगा। एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति बैंक के बकाया की वसूली के लिए बैंक द्वारा सहमत शर्तों के अनुसार निजी संधि के माध्यम से बिक्री **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** के लिए उपलब्ध है।

निजी संधि द्वारा सम्पत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं:

1. निजी संधि के माध्यम से बिक्री **''जैसी है जहां है आधार''** तथा **''जो है जैसी है आधार''** पर की जाएगी।
2. क्रेता को इस नोटिस के प्रकाशन की समाप्ति पर बिक्री मूल्य का 100% जमा करना होगा।
3. बैंक द्वारा खरीद के प्रस्ताव को अस्वीकार करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई राशि, यदि कोई हो, निर्धारित समय के भीतर बिना किसी ब्याज के रिफंड कर दी जाएगी।
4. क्रेता को सम्पत्ति के सभी संबंधित पहलुओं की सम्यक सतर्कता के साथ जांच (निजी संधि के माध्यम से बिक्री के मामले में), अपनी संतुष्टि के अनुरूप कर लेनी चाहिए। क्रेता इस संबंध में बाद में प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विरूद्ध कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।
5. बैंक का क्रय की किसी भी ऑफर को, बिना कोई कारण बताए, अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
6. संपत्ति की खरीद के संबंध में क्रेता को सभी स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य खर्च, कर, शुल्क, सोसायटी बकाया वहन करना होगा।
7. बिक्री सरफासी ऐक्ट/नियमों के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम	सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना के अनुसार राशि	निजी संधि के लिए सुरक्षित मूल्य
1	45929430002854	1) श्री विनोद कुमार पुत्र मोहन लाल (आवेदक), 2) श्रीमती दीपिका शर्मा पुत्री सुदर्शन कुमार श्रृंगी (सह-आवेदक), 3) श्रीमती कमलेश श्रृंगी पत्नी सुदर्शन कुमार श्रृंगी (सह-आवेदक)	रुपए 10,66,525/- (रूपए दस लाख छियासठ हजार पांच सौ पच्चीस मात्र) 06-03-2025 तक	रुपए 8,50,000/- (रूपए आठ लाख पचास हजार मात्र)
		सुरक्षित संपत्ति का विवरण: आवासीय संपत्ति क्रमांक 1029, महादेव जी की गली, नाला का ढाबा, वार्ड नंबर 09, तहसील एवं जिला बूंदी, राजस्थान। परिमाप 615.21 वर्ग फीट। **दीपिका शर्मा द्वारा स्वाधिकृत।** सीमाबद्ध: **पूर्व:** आम गली, **पश्चिम:** गोपाल भारद्वाज की हवेली, **उत्तर:** जगदीश गौतम का मकान, **दक्षिण:** आम गली।		
2	51829420000011 51829430000063	1) श्री दिनेश चन्द्र सोनी पुत्र जगदीश (आवेदक), 2) श्रीमती सीमा सोनी पत्नी श्री दिनेश चन्द्र सोनी (सह-आवेदक)	रुपए 12,03,003/- (रूपए बारह लाख तीन हजार तीन मात्र) 03-10-2024 तक	रुपए 8,50,000/- (रूपए आठ लाख पचास हजार मात्र)
		सुरक्षित संपत्ति का विवरण: आवासीय संपत्ति खसरा नंबर 1725 के भाग पर स्थित, ग्राम दीप दर्शन कॉलोनी, सोमलपुर रोड, सोमलपुर, तहसील और ज़िला अजमेर, राजस्थान-305001, परिमाप 55.55 वर्ग गज। **श्रीमती सीमा सोनी पत्नी श्री दिनेश चंद्र सोनी द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूर्व:** आम रास्ता 16.56 फीट, **पश्चिम:** अन्य की खुली भूमि, **उत्तर:** अन्य संपत्ति, **दक्षिण:** अन्य संपत्ति।		

उपरोक्त कर्जदार/सह-कर्जदार का ध्यान, पूर्ण बकाया राशि, बैंक द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ, प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री से पहले चुकाकर, यहां ऊपर वर्णित प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के संबंध में, सरफासी एक्ट की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

पत्राचार पता: श्री रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653), ईमेल: **ranjan.naik@janabank.com** एवं श्री अनुराग शुक्ला (मोबाइल नंबर 8090655550), ईमेल: **anurag.shukla29@jana.bank.in** जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड, (पूर्वतः मैसर्स जनलक्ष्मी फाईनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. के नाम से ज्ञात) कार्यालय पता 101, 102, प्रथम मंजिल, गुमान टॉवर, वैशाली नगर, नैशनल हैंडलूम के पास, जयपुर-302021, राजस्थान।

तिथि: 11-08-2026 स्थान: बूंदी व अजमेर — **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**